AICTE Approved

Bachelor of Computer Application

H. D. Jain College, Ara
(VEER KUNWAR SINGH UNIVERSITY)ARA (BIHAR)
Email ID: hdjaincollege@gmail.com
(NAAC Accredited – B+) website: hdjaincollege.org

Date: 10/04/2026

Ref. No. BCA/ADM/26...

बी. सी. ए. पाठ्यक्रम (सत्र आरम्भ 2026) में नामांकन हेतु आवेदन सम्बन्धित सूचना

(गणित/भौतिकी/कम्प्यूटर साइंस/ समतुल्य विषय के साथ) वर्ष 2026 या पूर्व में न्यूनतम 45% अंकों के साथ इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण किये हुए इच्छुक अभ्यर्थियों से बी. सी. ए. पाठ्यक्रम के 60 सीटों पर नामांकन प्राप्त करने हेतु आवेदन महाविद्यालय के बेबसाईट hdjaincollege.org से ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 13/04/2026 से 30/04/2026 तक प्राप्त किया जाएगा। आवेदन शुल्क 800रु प्रति आवेदन निर्धारित देय है। बी. सी. ए. में प्रवेश पाने के लिए बी. सी. ए. प्रवेश परीक्षा, 2026 (सामान्य वर्ग या इ.डब्लू.एस. वर्ग के लिए 50%, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए 45% एवं एस.सी./एस.टी. वर्ग के लिए 40% अंकों के साथ) उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

प्रथम ऑनलाइन आवेदन की तिथिः 13 अप्रैल, 2026 से 30 अप्रैल, 2026 सायं 05:00 बजे तक

प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की तिथिः 24 जून, 2026 से 26 जून, 2026 सायं 05:00 बजे तक

प्रवेश परीक्षा का आयोजनः 27 जून, 2026 (11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे तक)

आवश्यक निर्देशः

1. प्रवेश परीक्षा में इण्टर स्तर तक के गणित (Math)/ बायोलोजी (Biology), अंग्रेजी (English), कम्प्यूटर (Computer), रिजनिंग (Reasoning) एवं जी.के./जी.एस. (G.K.&G.S.) से कुल 100 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे।
2. इण्टर/+2 में जिन आवेदकों का बायोलोजी (Biology) होगा, प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र में दिये गये गणित (Math) विषय के कम से कम पाँच प्रश्न या सभी दस प्रश्न और शेष पाँच प्रश्न बायोलोजी विषय (Biology) से हल कर सकेंगे।
3. मेधासूची (Merit List) में राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत आरक्षण रोस्टर (महिला आरक्षण के साथ) का अनुपालन किया जाएगा।
4. नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेजों और शुल्क की जानकारी मेधासूची (Merit List) के अनुसार प्रकाशित परीक्षा परिणाम के साथ ऑनलाइन महाविद्यालय के वेबसाईट के द्वारा ससमय प्रकाशित की जाएगी।
5. उपरोक्त तिथियों में किसी भी प्रकार के फेरबदल की जानकारी ससमय महाविद्यालय के वेबसाईट पर प्रकाशित कर दी जाएगी।
6. प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की तिथियों को अग्रसारित करने के सम्बन्ध में किसी प्रकार का निर्णय पूर्व में प्रकाशित तिथि तक प्राप्त आवेदनों की संख्या के अनुसार किया जायेगा।
7. बी. सी. ए., 2026 प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की आवश्यक व समस्त जानकारी ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।
8. यदि विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के स्तर से नामांकन के पूर्व पाठ्यक्रम से सम्बन्धित किसी प्रकार के बदलाव की जानकारी दी जाती है, तो नामांकन के इच्छुक छात्र/ छात्राओं को उस बदलाव के लिए सहमति प्रदान करते हुए नामांकन लेनी होगी।
9. आवेदकों को प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए किये गये आवेदन की प्रति, किये गये शुल्क भुगतान की प्रति, डाउनलोड किये गये एडमिट कार्ड की प्रति जिस पर परीक्षा में सम्मिलित होने पर वीक्षक का हस्ताक्षर होगा, अपने पास नामांकन हेतु रखना होगा।

Anjani 10/4/26

समन्वयक
बी. सी. ए. विभाग
एच. डी. जैन कॉलेज, आरा।

10/4/26

प्रधानाचार्य सह निदेशक (बी. सी. ए.)
हर प्रसाद दास जैन कॉलेज, आरा।